**Dainik Jagran, Patna, 23/11/2025**
Page No: 4, Size: 21.93cm × 15.27cm

# वैट कम पर महंगी मिल रही पीएनजी

## बिहार इंडस्ट्रीज एसो. व राज्य व्यावसायिक संघ ने दाम कम करने की मांग की

### उपभोक्ताओं पर बोझ

**जागरण संवाददाता, पटना :** बिहार में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की कीमत पड़ोसी राज्यों की तुलना में अधिक है, जबकि राज्य में वैट की दर पड़ोसी राज्यों के बराबर है या उससे कम। एक ही कंपनी गेल इंडिया से आपूर्ति किए जाने के बावजूद विभिन्न राज्यों में कीमतों में अंतर है। बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं बिहार राज्य व्यावसायिक संघ ने गेल के अधिकारियों को पत्र लिखकर अविलंब दर में कमी की मांग की है। कंपनी ने बोर्ड के स्तर पर मामले में विचार करने की बात कही है। रांची में पीएनजी की कीमत 48.38 रुपये प्रति एससीएम, वाराणसी में 48.47 रुपये प्रति एससीएम, जबकि भुवनेश्वर में 46.33 रुपये प्रति एससीएम है।

बिहार में पीएनजी की दर 51.50 रुपये प्रति एससीएम हैं, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। बिहार राज्य व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि झारखंड में वैट 14 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 10 प्रतिशत, बिहार में 12.5 प्रतिशत व ओडिशा में पांच प्रतिशत निर्धारित है। कम वैट का लाभ उपभोक्ताओं को मिलनी चाहिए, लेकिन कीमत कम नहीं होने से उनके उपर आर्थिक बोझ खड़ी हो रही है।

**48.38** रुपये प्रति एससीएम है रांची में पीएनजी की कीमत, वाराणसी में 48.47 रुपये

**51.50** रुपये प्रति एससीएम दर है बिहार में घरेलू उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ

**कंपनी गेल इंडिया ने बोर्ड के स्तर पर दर कम करने के मामले में विचार करने की बात कही**

### कंपनी को जल्द करनी चाहिए समीक्षा : रामलाल खेतान

बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलाल खेतान ने बताया कि राज्य के उपभोक्ताओं को पीएनजी के लिए अधिक कीमत देनी पड़ रही है। वैट कम रखने के बावजूद अगर बिहार में गैस महंगी मिल रही है तो इसकी वास्तविक कारण को उजागर किया जाना चाहिए। उद्योग जगत से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि परिवहन लागत, स्थानीय वितरण ढांचा और गैस नेटवर्क निवेश जैसे कारक दामों को प्रभावित कर सकते हैं, लेकिन एक ही कंपनी द्वारा आपूर्ति के बावजूद इतना बड़ा अंतर समझ से परे है। उपभोक्ताओं ने राज्य सरकार और आपूर्ति करने वाली कंपनियों से मांग की है कि पीएनजी के दामों की समीक्षा की जाए और पड़ोसी राज्यों की तर्ज पर बिहारवासियों को भी राहत प्रदान की जाए।

> पीएनजी की कीमत एलपीजी से 10 प्रतिशत कम है। पड़ोसी राज्यों में कम एवं यहां अधिक कीमत होने को लेकर बोर्ड स्तर पर चर्चा हुई है। 20 दिसंबर तक दर में कमी की संभावना है।
>
> **-मो. गयूर आलम जाहिरी**, डीजीएम, गेल इंडिया